**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 31.01.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- शवित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल लोकसभा में वर्ष 2026–27 का केन्द्रीय बजट प्रस्तुत करेंगी।
- इंडिया–एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन 16 से 20 फरवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा।
- एमएसएमई–विकास और सुविधा कार्यालय की ओर से 'खरीद और विपणन सहायता योजना पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला' का आयोजन किया जाएगा।
- नई दिल्ली में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय सिविल सेवा शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयन ट्रायल 4 फरवरी को होगा।

<><><><><><><>

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल लोकसभा में वर्ष 2026–27 का केन्द्रीय बजट प्रस्तुत करेंगी। लोकसभा के बाद बजट की प्रति राज्यसभा के पटल पर रखी जाएगी। वर्ष 2019 में वित्त मंत्री का कार्यभार सम्भालने के बाद यह श्रीमती सीतारामन का लगातार नौवां बजट है। संसद में बजट भाषण सम्पन्न होने के बाद बजट की प्रति मोबाइल ऐप और वेबसाइट पर भी उपलब्ध होगी। वित्त मंत्री बजट के बाद देश के विभिन्न क्षेत्रों के महाविद्यालयों से आए तीस विद्यर्थियों से बातचीत करेंगी। इससे पहले, वित्त मंत्री ने कई हितधारकों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की। इनमें अर्थशास्त्री, व्यापार संघ, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र, लघु और मध्यम उद्यम, व्यापार तथा सेवा क्षेत्र, उद्योग, वित्तीय क्षेत्र और पूंजी बाजार के विशेषज्ञ और प्रतिनिधि शामिल थे। कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने भी कृषि और ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर बजट पूर्व परामर्श किया और वित्त मंत्री को सुझावों की संकलित रिपोर्ट सौंपी। इस दौरान, युवाओं सहित नागरिकों के सुझाव भी आमंत्रित किए गए हैं, जो इस बजट में देखने को मिलेंगे।

<><><><><><><>

इंडिया–एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन 2026, 16 से 20 फरवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा। यह सम्मेलन विकासशील देशों में आयोजित होने वाला पहला वैश्विक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सम्मेलन होगा। इसका उद्देश्य एआई का वैश्विक लोकतंत्रीकरण करना और उसके अंतर को कम करना है। साथ ही स्वदेशी और स्थानीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समाधानों के विकास को समर्थन देना है। नई दिल्ली में इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस सम्मेलन को दुनिया

भर से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है और ये अब तक का सबसे बड़ा एआई शिखर सम्मेलन बनने जा रहा है।

इस बीच, स्टार्टअप एक्सेलेरेटर प्लेटफॉर्म, वेवएक्स ने शिखर सम्मेलन के लिए स्टार्टअप्स से आवेदन आमंत्रित किए हैं। सम्मेलन के अंतर्गत वेवएक्स एक विशेष स्टार्टअप प्रदर्शनी आयोजित करेगा, जिससे चयनित स्टार्टअप्स अपने एआई–आधारित उत्पादों और समाधानों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों के सामने प्रदर्शित कर सकेंगे।

<><><><><><><>

'नवाचार माह' और स्टार्टअप इंडिया के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, उद्योग निदेशालय की ओर से द्वीपों के उच्च शिक्षण संस्थानों के सहयोग से 'स्टार्टअप हैकाथॉन और पिचिंग प्रतियोगिता' का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में द्वीपसमूह की महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान के लिए छात्रों से विचार मांगे गए थे, जिसमें विभिन्न कॉलेजों के छात्रों ने हिस्सा लिया। उद्योग विभाग के उप–निदेशक अजीत आनंद ने छात्रों को लीक से हटकर सोचने के लिए प्रेरित किया। UTLBC के मुख्य प्रबंधक उमर फारूक ने बैंकिंग सहायता के बारे में जानकारी दी। इस दौरान अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार साझा किए। इस प्रतियोगिता का समापन समारोह आज आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

कला और संस्कृति विभाग की ओर से फरवरी माह में लिटरेचर उत्सव और पुस्तक मेला का आयोजन किया जाएगा। यह मेला 14, 15, 21 और 22 फरवरी को आयोजित होगा। इस सिलसले में निदेशालय द्वारा कला संस्कृति सचिव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों को कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए निर्देश दिए गए।

<><><><><><><>

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत शाखा एमएसएमई–विकास और सुविधा कार्यालय, श्री विजयपुरम की ओर से 'खरीद और विपणन सहायता योजना पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला' का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला 3 फरवरी को होटल लेमन ट्री में आयोजित किया जाएगा। मौके पर ही प्रतिभागियों का पंजीकरण सुबह साढ़े नौ बजे से शुरू होगा। कार्यशाला के दौरान ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म और इसकी कार्यप्रणाली, बार कोड पंजीकरण की प्रक्रिया, आयात–निर्यात नीति, GeM पोर्टल, CGTMSE

योजना और एमएसएमई के बाजार विकास के लिए सरकारी सहायता पर जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में वैध उद्यम पंजीकरण या कारीगर कार्ड धारक भाग ले सकते हैं।

<><><><><><><>

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के अंतर्गत केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं खेल बोर्ड, दिल्ली सरकार के सहयोग से पुरूष और महिला खिलाड़ियों के लिए अखिल भारतीय सिविल सेवा शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रहा है। यह प्रतियोगिता 17 से 26 फरवरी तक त्यागराज स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों के चयन हेतु खेल एवं युवा मामले विभाग 4 फरवरी सुबह साढ़े आठ बजे से टीचर्स होम में चयन ट्रायल का आयोजन करेगा। इसमें केंद्र सरकार के कर्मचारी, सशस्त्र बल, पुलिस संगठनों में कार्यरत कर्मचारी, राज्य सरकार के नियमित कर्मचारी, क्षेत्रीय खेल बोर्ड की टीम और खेल अधिकारी या प्रशिक्षक भाग ले सकते हैं।

<><><><><><><>

हम्फ्रीगंज स्थित शहीद स्मारक बलिदान वेदी पर कल द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 30 जनवरी 1944 को जापानी सेना द्वारा जासूसी के झूठे आरोप में शहीद हुए वीर बलिदानियों की 82वीं बरसी पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त पूर्वा गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में , साथ ही शहीद स्मारक समिति के सदस्यों, शहीदों के परिजनों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा राम धुन प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय हम्फ्रीगंज के छात्रों को हम्फ्रीगंज शहीद स्मारक पुरस्कार प्रदान किए।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थान और शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय की ओर से कल "ग्राम पंचायतों में सोलर रूफटॉप योजना और कार्यान्वयन" पर एक राज्य–स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके साथ ही, ग्राम पंचायतों में "भवन योजना अनुमति और स्ट्रीट लाइटों का वार्षिक रखरखाव" विषय पर एक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। कनिष्ठ अभियंता आकाश कुमार ने तकनीकी सत्र का संचालन किया। उन्होंने पंचायत स्तर पर सोलर रूफटॉप प्रणालियों की योजना, तकनीकी व्यवहार्यता और उनके कार्यान्वयन की प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान स्ट्रीट लाइटों के रखरखाव और भवन योजना अनुमति पर भी जानकारी दी गई।

**<><><><><><><>**

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए कल कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों को इस कानून के प्रावधानों के प्रति संवेदनशील बनाना था। सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशक विनायक चामड़िया ने सत्र का शुभारंभ करते हुए कहा कि इस कानून को समझना न केवल कानूनी अनुपालन के लिए जरूरी है, बल्कि कार्यस्थल पर आपसी सम्मान और गरिमा की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए भी आवश्यक है। POSH ट्रेनर और सलाहकार रुबीना सिद्दीकी ने कानून की बारीकियों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान जिस संगठन में 10 या उससे अधिक कर्मचारी हैं, वहां शिकायतों की जाँच के लिए एक आंतरिक समिति का गठन करने पर भी जोर दिया गया।

**<><><><><><><>**